वी.यू. में पत्रकार वार्ता–छठवें दीक्षांत समारोह एवं तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन

जबलपुर। आज दिनांक 15.11.2022 आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर तथा पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय जबलपुर के प्लेटिनम जुबली कार्यक्रम विश्वविद्यालय पूरे 1 वर्ष तक मनाने जा रहा है जो कि दिनांक 8 जुलाई 2022 से प्रारंभ हो चुका है तथा 8 जुलाई 2023 तक चलेगा। इन कार्यक्रमों की जानकारी साझा करने हेतु एक पत्रकार वार्ता का आयोजन दिनांक 14.11.2022 को पशुपालन महाविद्यालय के स्कूल ऑफ वाइल्ड लाइफ एंड फॉरेंसिक हेल्थ के सभागृह में संपन्न हुआ जिसे माननीय कुलपति डॉक्टर सीता प्रसाद तिवारी जी ने संबोधित किया। मैं उन्होंने तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी तथा वि.वि. के छठवें दीक्षांत समारोह की जानकारी पत्रकार बंधुओं से साझा की। माननीय कुलपति डॉक्टर सीता प्रसाद तिवारी जी के निर्देशन तथा कुशल नेतृत्व में पशु

चिकित्सा पशुपालन महाविद्यालय के पशु मादा रोग एवं प्रसूति विज्ञान विभाग तथा इंडियन सोसायटी फॉर स्टडी आफ एनिमल रीप्रोडक्शन के संयुक्त तत्वाधान में वार्षिक कन्वेंशन तथा तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन 16-18 नवंबर 2022 को प्रथम बार जबलपुर वेटरनरी कॉलेज में होने जा रहा है जिसके अध्यक्ष अधिष्ठाता डॉ. आर.के. शर्मा तथा संयोजक सचिव डॉक्टर सत्यनिधि शुक्ला प्राध्यापक एवं विभाग प्रमुख पशु मादा रोग एवं प्रसूति विज्ञान विभाग है। इस्सार सबसे पुरानी वैज्ञानिक संस्था है जिसमें देश तथा विदेश के 3500 से अधिक आजीवन पंजीकृत सदस्य हैं। यह तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का विषय **"जैव प्रौद्योगिकी, न्यूट्रास्यूटिकल्स और वैकल्पिक चिकित्सा की नई तकनीक के माध्यम से पशु प्रजनन को अनुकूलित करना"** है इस

राष्ट्रीय सम्मेलन में देश के विभिन्न राज्यों से लगभग 500 से अधिक प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं इसके अंतर्गत कुल 8 तकनीकी सत्र विभिन्न विषयों पर रखे गए हैं। जिससे कि पशुपालकों को पशु प्रजनन आदि से संबंधित विषयों पर जानकारी दी जाएगी। इस राष्ट्रीय सम्मेलन में 8 श्रेणी में पुरस्कार दिए जाएंगे। विश्वविद्यालय का छठवां दीक्षांत समारोह आगामी 21 नवंबर 2022 को माननीय कुलाधिपति एवं राज्यपाल डॉ. मंगू भाई पटेल जी के मुख्य आतिथ्य में संपन्न होगा। इस छठवे दीक्षांत समारोह में एक मानद उपाधि दी जाएगी, 13 गोल्ड मेडल, पी. एच.डी. डिग्री तथा कुल 968 छात्र छात्राओं को डिग्री सर्टिफिकेट दिया जाएगा। पत्रकार वार्ता में कुलसचिव डॉ. श्रीकांत जोशी, अधिष्ठाता डॉ. आर.के. शर्मा, डॉ. शोभा जावरे, डॉ. सत्यनिधि शुक्ला, डॉ. आदित्य मिश्रा (डीएसडब्ल्यू) डॉ. आनंद जैन एवं डॉ. सोना दुबे, सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी उपस्थित थे।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर